शिक्षा विभाग

कार्यालय : जिला शिक्षा पदाधिकारी, मधेपुरा

(शाखा - प्रारंभिक शिक्षा एवं सर्व शिक्षा अभियान)

प्रथम तल, ओ० बी० सी० हॉस्टल, शिवनंदन प्रसाद इंटरस्तरीय विद्यालय, मधेपुरा – 852113

शिक्षा का अधिकार

सर्व शिक्षा अभियान
सब पढ़ें सब बढ़ें

पत्रांक :-..BEP/MIS/06/16-17/126... दिनांक :-...16.../.01...../2017

प्रेषक-

जिला कार्यक्रम पदाधिकारी,
प्रा० शि० एवं सर्व शिक्षा अभियान, मधेपुरा।

सेवा में,

जिला कार्यक्रम पदाधिकारी,
स्थापना, मधेपुरा।

विषय - **विद्यालय एवं छात्रों को शिक्षा अधिकार अधिनियम के तहत प्रावधानित सुविधाओं से जान बूझ कर वंचित करने के आरोप में विभागीय कार्रवाई करने के संबंध में।**

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में अंकित करना है कि मानव संसाधन विकास मंत्रालय, भारत सरकार के निर्णयानुसार राज्य परियोजना निदेशक, बिहार शिक्षा परियोजना परिषद्, पटना के पत्रांक : MIS/68/2016-17/6123 दिनांक : 05.08.2016 के आलोक में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी **UDISE अन्तर्गत सभी सरकारी/मान्यता प्राप्त/सहायता प्राप्त/केन्द्रीय/नवोदय/सैनिक विद्यालयों के साथ राज्य सरकार द्वारा पंजीकृत सभी निजी विद्यालयों एवं गैर पंजीकृत विद्यालयों** के भी आंकड़ें संग्रहित करने का निदेश प्राप्त है, जहाँ न्यूनतम कक्षा 01 एवं उच्चतम कक्षा 12 की पढ़ाई होती है। इसके आधार पर ही विद्यालय एवं छात्रों को शिक्षा अधिकार अधिनियम के तहत प्रावधानित विभिन्न सुविधाओं की स्वीकृति **वार्षिक कार्य योजना एवं बजट** में सरकार से प्राप्त होती है।

अंकनीय है कि अधोहस्ताक्षरी पत्रांक : 1985 दिनांक : 16.09.2016, पत्रांक : 2103 दिनांक : 04.10.2016 एवं पत्रांक : 2266 दिनांक : 03.11.2016 के द्वारा सभी प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी, मधेपुरा जिला को उक्त प्रपत्र(UDISE प्रपत्र एवं छात्रवार आँकड़ा संग्रह प्रपत्र) जमा करने हेतु निदेशित किया गया था परन्तु आदर्श मध्य विद्यालय भान, प्रखंड - घैलाढ / उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय खोखसीबाड़ा रामगंज, प्रखंड - ग्वालपाड़ा / नव०प्रा०वि० पंचगछिया, प्रखंड - उदाकिशुनगंज एवं प्राथमिक विद्यालय खाड़ी मुसहरी, प्रखंड - मुरलीगंज के द्वारा आज तक उक्त प्रपत्र अप्राप्त है।

विदित हो कि अधोहस्ताक्षरी पत्रांक : 2415 दिनांक : 03.12.2016 के द्वारा प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी, ग्वालपाड़ा / पत्रांक : 2416 दिनांक : 03.12.2016 के द्वारा प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी, घैलाढ / पत्रांक : 2418 दिनांक : 03.12.2016 के द्वारा प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी, मुरलीगंज एवं पत्रांक : 2474 दिनांक : 09.12.2016 के द्वारा प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी, उदाकिशुनगंज को संबंधित विद्यालय प्रधान पर कारवाई समर्पित करने हेतु निदेशित किया गया था परन्तु अद्यतन अप्राप्त है, जो कि संबंधित विद्यालय के प्रधानाध्यापक/संकुल समन्वयक/प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी के कार्य के प्रति लापरवाही, उच्चाधिकारी के आदेश के अवहेलना को दर्शाता है। ज्ञातव्य हो कि उक्त दोनों प्रपत्र वार्षिक कार्य योजना एवं बजट निर्माण 2017-18 हेतु अतिआवश्यक है। अतः संबंधित विद्यालय के प्रधानाध्यापक/संकुल समन्वयक/प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी पर विद्यालय एवं छात्रों को मिलने वाली सुविधा यथा अतिरिक्त वर्ग कक्ष, शौचालय, चापाकल, छात्रवृत्ति, शिक्षक वेतन आदि से जान बूझकर वंचित करने के आरोप में अविलंब विभागीय कार्रवाई की जाए साथ ही कृत कार्रवाई से अधोहस्ताक्षरी को भी अवगत कराया जाए।

क्रमशः.....

:06476-222895,fax:06476-223556
Email :bepmadhepura@gmail.com.Website:www.bepmadhepura.in

शिक्षा विभाग

कार्यालय : जिला शिक्षा पदाधिकारी, मधेपुरा

(शाखा - प्रारंभिक शिक्षा एवं सर्व शिक्षा अभियान)

प्रथम तल, ओ० बी० सी० हॉस्टल, शिवनंदन प्रसाद इंटरस्तरीय विद्यालय, मधेपुरा – 852113

शिक्षा का अधिकार

सर्व शिक्षा अभियान
सब पढ़ें सब बढ़ें

पत्रांक :-..... दिनांक :-...../...../2017

विद्यालय का विवरण

क्रं०	संकुल का नाम	प्रखंड का नाम	विद्यालय का नाम	विद्यालय प्रधान का नाम	अभियुक्ति
01.	म०वि० इटहरी	घैलाढ	आदर्श म०वि० भान	श्री विमल कुमार	तत्कालीन प्रधानाध्यापक
02.	म०वि० श्याम	ग्वालपाड़ा	उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय खोखसीबाड़ा रामगंज	श्री अशोक कुमार (प्रखंड शिक्षक)	
03.	म०वि० परमानंदपुर	मुरलीगंज	प्राथमिक विद्यालय खाड़ी मुसहरी	श्री सुभाष कुमार (पंचायत शिक्षक)	
04.	म०वि० मुरलीचंदवा	उदाकिशुनगंज	नव०प्रा०वि० पंचगछिया	श्री संजय कुमार (पंचायत शिक्षक)	

विश्वासभाजन

14/1/17

जिला कार्यक्रम पदाधिकारी,
प्रा० शि० एवं सर्व शिक्षा अभियान, मधेपुरा।

BEP/MIS/06/16-17/126

ज्ञापांक : .....मधेपुरा, दिनांक : ..16..../01/2017

प्रतिलिपि - संबंधित प्रधानाध्यापक / प्रभारी प्रधानाध्यापक को सूचनार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपि - संकुल समन्वयक - म०वि० इटहरी, प्रखंड - घैलाढ/ - संकुल समन्वयक - म०वि० श्याम, प्रखंड - ग्वालपाड़ा/ संकुल समन्वयक - म०वि० परमानंदपुर, प्रखंड - मुरलीगंज/ संकुल समन्वयक - म०वि० मुरलीचंदवा, प्रखंड - उदाकिशुनगंज, जिला - मधेपुरा को सूचनार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपि - प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी, घैलाढ/ग्वालपाड़ा/मुरलीगंज एवं उदाकिशुनगंज को सूचनार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपि - जिला शिक्षा पदाधिकारी, मधेपुरा की सेवा में सूचनार्थ सादर समर्पित।

प्रतिलिपि - जिलाधिकारी, मधेपुरा की सेवा में सूचनार्थ सादर समर्पित।

प्रतिलिपि - राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी, एम०आई०एस०, बिहार शिक्षा परियोजना परिषद्, पटना की सेवा में सूचनार्थ सादर समर्पित।

14/1/17

जिला कार्यक्रम पदाधिकारी,
प्रा० शि० एवं सर्व शिक्षा अभियान, मधेपुरा।

:06476-222895,fax:06476-223556

Email :bepmadhepura@gmail.com.Website:www.bepmadhepura.in